कोरोना महामारी के दृष्टिगत नगर आयुक्त ने कंटेन्मेंट ज़ोन में में कराया

शाहजहांपुर। कोविड.19 महामारी के दृष्टिगत नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के निर्देष के क्रम में रविवार को नगर में बने कन्टेनमेंट जोन एवं नगर के अन्य क्षेत्रों में विषेष अभियान के तहत सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा जी एवं अपर नगर आयुक्त एस०के० सिंह द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में नगर निगम द्वारा कराये जा रहे सेनेटाइजेषन के कार्य का निरीक्षा किया गया। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा नगर क्षेत्र के ब्रज बिहार कॉलोनीए अटां चौराहा एवं नगर में बने कन्टेमेंट जोन में कराये सेनेटाइजेषन के कार्य का निरीक्षा किया गया। निरीक्षा के समय नगर आयुक्त द्वारा ब्रज बिहार कॉलोनी एवं कन्टेमेंट जोन में कराये जा रहे सेनेटाइजेषन के कार्य को अपनी देखरेख में कराया गया। निरीक्षा के समय अपर नगर आयुक्त एस०के० सिंह, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक पवन कुमारए हरवंश कुमार दीक्षित उपस्थित रहे। इसी क्रम में अपर नगर आयुक्त एस०के० सिंह एवं सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती द्वारा नगर के कटिया

टोला में कराये जा रहे सेनेटाइजेषन के कार्य को अपनी देखरेख में कराया गया। इसके अतिरिक्त कोविड.19 महामारी के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देष के क्रम में कोविड.19 के बढ़ते संक्रमा को कम किये जाने के उददेष्य से नगर निगम द्वारा चरणबद्ध तरीके से सेनेटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत नगर निगम के 60 वार्डो के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र एवं मलिन बस्तियों में विशेष सफाई एवं सेनेटाइजेषन का अभियान चलाया गया।